# भोला भंडारी तू है | by Ankur Tiwari

भोला भंडारी तू है त्रिनेत्रधारी
तीनो लोकों में तेरी महिमा है भारी
भोला भंडारी तू है त्रिनेत्रधारी .......

गले में भोला तेरे नाग बिराजे
शीश जटा में गंगा माँ साजे
मस्तक चंद्र की शोभा है भारी
भोला भंडारी तू है त्रिनेत्रधारी .......

अंग भभूति भोला भस्मी रमाये
डम डम डम डम डमरू बजाये
करते हैं भोले देखो बैल की सवारी
भोला भंडारी तू है त्रिनेत्रधारी .......

बैठे कैलाश ऊपर ध्यान लगावे
ब्रह्मा विष्णु भी शीश झुकावे
देवों के देव कहती दुनिया ये सारी
भोला भंडारी तू है त्रिनेत्रधारी .......

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%ad%e0%a4%82%e0%a4%a1%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-ankur-tiwari/